पत्रांकः– 04/NULM-05/16/ 2644 /न0वि0एवंआ0वि0

**बिहार सरकार**

**नगर विकास एवं आवास विभाग**

**प्रेषक,**

**प्रधान सचिव**
**नगर विकास एवं आवास विभाग।**

सेवा में,

आंचलिक प्रबंधक, पंजाब नैशनल बैंक,
आंचलिक प्रबंधक, बैंक ऑफ बरौदा,
आंचलिक प्रबंधक, केनरा बैंक,
आंचलिक प्रबंधक, इलाहाबाद बैंक,
आंचलिक प्रबंधक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया,
आंचलिक प्रबंधक, देना बैंक,
आंचलिक प्रबंधक, सिंडिकेट बैंक,
आंचलिक प्रबंधक, बिहार ग्रामीण बैंक,
आंचलिक प्रबंधक, सेण्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया,
आंचलिक प्रबंधक, पंजाब एण्ड सिंध बैंक,
आंचलिक प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया,
आंचलिक प्रबंधक, इंडियन ओवरसिज बैंक,
आंचलिक प्रबंधक, विजया बैंक,
आंचलिक प्रबंधक, आई0डी0बी0आई0 बैंक,
आंचलिक प्रबंधक, यूनाइटेड कॉमर्शियल बैंक,
आंचलिक प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया,
श्री राजीव कुमार दास, संयोजक, SLBC,

पटना, दिनांक 20/11/17

**विषयः–** **दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के घटक Self Employment Programme (SEP) के अन्तर्गत शहरी गरीबों के वित्त पोषण (Credit Linkage) तथा सबके लिए आवास योजनान्तर्गत ऋण आधारित ब्याज सब्सिडी योजना (CLSS) घटक के कार्यान्वयन में अपेक्षित प्रगति प्राप्त करने के संबंध में।**

प्रसंगः– विभागीय पत्रांक 2236 दिनांक 26.09.2017 एवं 2382 दिनांक 20.10.2017

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासांगिक पत्रों द्वारा DAY-NULM योजनान्तर्गत SEP घटक के अधीन शहरी गरीबों के वित्त पोषण (Credit Linkage) तथा सबके लिए आवास योजनान्तर्गत ऋण आधारित ब्याज सब्सिडी योजना (CLSS) घटक के कार्यान्वयन में अपेक्षित प्रगति हेतु आपके स्तर से किये जाने वाले कार्रवाईयों का विस्तृत उल्लेख करते हुए वर्णित योजनाओं के कार्यान्वयन में गति प्रदान करने हेतु सभी आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया था। उल्लेखनीय है कि श्री सुशील कुमार मोदी, माननीय उप मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 21.09.2017 को आप सबों के साथ हुए समीक्षात्मक बैठक में भी

दोनों योजना में प्रगति लाने हेतु आप सबों को निदेश दिया गया था। परन्तु अभीतक दोनों योजनाओं की प्रगति में सुधार नहीं हो पाया है। यहांतक की निम्न बैंकों में SEP घटक की प्रगति अभी भी शून्य है :–

जम्मू एण्ड कश्मीर बैंक/साउथ इंडियन बैंक/कर्नाटका बैंक/येस्स बैंक/फेडरल बैंक/ बैंक ऑफ महाराष्ट्रा/कोटक महेन्द्रा बैंक/पंजाब एण्ड सिंध बैंक/इण्डुसइण्ड बैंक/ विजया बैंक/ इंडियन ओवरसिज बैंक/विजया बैंक/कार्पोरेशन बैंक/देना बैंक/ औरियेन्टल बैंक ऑफ कामर्स/सिन्डीकेट बैंक/एक्सिस बैंक/यूनाइटेड बैंक/बैंक ऑफ इण्डिया/एच0डी0एफ0सी0 बैंक एवं आई0सी0आई0सी0आई बैंक।

यह स्थिति अत्यंत ही चिन्ताजनक है। वर्णित परिप्रेक्ष्य में पुनः अनुरोध है कि दोनों योजनाओं के कार्यान्वयन में गति प्रदान करने हेतु अपने स्तर से सभी आवश्यक कार्रवाई की जाय, ताकि योजनाओं में अपेक्षित प्रगति परिलक्षित हो सके।

विश्वासभाजन

17/11/2017

प्रधान सचिव
नगर विकास एवं आवास विभाग।

Dev12.10.17